आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 09.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के द''र्न किए। श्रद्धालुओं से उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की खरीद करने का आग्रह किया।
- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने नैनीताल जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गरमपानी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- टिहरी जिले में काणाताल के पास प्रशासन ने आव''यक दस्तावेज न होने पर सरकारी खाद्यान्न से भरे दो वाहनों को सीज किया।
- प्रदे''ा के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी सुलह–समझौते के आधार पर कई वादों का निस्तारण।

**राज्यपाल बदरी/केदार**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए। राज्यपाल ने धामों में यात्रा व्यवस्थाओं, विकास कार्यों और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने धामों में की गई यात्रा व्यवस्थाओं पर सन्तोष जताते हुए जिला प्रशासन की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान है और शासन–प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित वस्तुओं की खरीद करने का आग्रह भी किया।

**स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने आज नैनीताल जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गरमपानी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं ओर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एक चिकित्सक के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**जगदीशिला डोली यात्रा**

प्रदेश में गत 27 वर्षों से निरंतर संचालित हो रही विश्वनाथ–जगदीशिला डोली यात्रा इस साल भी पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रदेश भ्रमण पर है। हरिद्वार से शुरू हुई इस यात्रा के आज टिहरी जिले में पहुंचने पर अंजनीसैंण, रोडधार और मलेथा सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। यात्रा के संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि डोली यात्रा के माध्यम से न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया जा रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रोकने के अलावा पर्यटन और स्वरोजगार की संभावनाओं को भी मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

**राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र**

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज कलेक्ट्रेट स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र– एनआईसी कार्यालय के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन किया। कार्यालय को आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप बनाया गया

है, जिससे कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित, तकनीक–सक्षम और प्रभावी बन सकेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि एनआईसी शासन और प्रशासन की डिजिटल व्यवस्थाओं की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यालय के सुदृढ़ीकरण से ई–गवर्नेंस से जुड़ी गतिविधियों को नई गति मिलेगी औरविभिन्न विभागों के कार्यों का संचालन और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के सफल और सुचारु संचालन में यह व्यवस्था अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

**सरकार खाद्यान्न**

टिहरी जिले में आज चंबा–धनोल्टी मोटर मार्ग पर काणाताल के पास प्रशासन ने सरकारी खाद्यान्न से भरे दो वाहनों को सीज कर दिया। अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में क्षेत्र में चल रहे वाहनों के औचक निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित दो वाहनों की जांच की गई। इनमें गेहूं और चावल लदा हुआ था, जिसे सरकारी राशन वितरण के लिए ले जाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों और संबंधित कर्मियों से राशन के गंतव्य, वितरण क्षेत्र और संबंधित अभिलेखों की जानकारी मांगने पर मौके पर आवश्यक दस्तावेज मौजूद नहीं थे। इसके बाद दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को मामले में लापरवाही बरतने वाले संबंधित कार्मिकों और ठेकेदार के खिलाफ विस्तृत जांच कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार या लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**राश्ट्रीय लोक अदालत**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में समझौता योग्य मामलों सहित कई प्रकार के मामलों की सुनवाई की गई। चम्पावत जिले में आयोजित लोक अदालत में आपसी सुलह–समझौते के आधार पर विभिन्न वादों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भवदीप रावते ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों के बाहर विवादों का सुलह–समझौते से निपटारा करना है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में संपत्ति अधिग्रहण, मोटर वाहन, वित्तीय विवाद और वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवादों का व्यापक और प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। ऊधमसिंह नगर जिले के सभी न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर मोटर वाहन अधिनियम और पारिवारिक मामलों सहित बैंकों से लिये गए ऋण के मामले सुलझाए गए। अग्रणी जिला प्रबंधक चिराग पटेल ने बताया कि लोक अदालत में कई लंबित मामलों का निस्तारण किया गया।

**यातायात चेकिंग अभियान**

चारधाम यात्रा को सकुशल और सुरक्षित सम्पन्न कराने के उद्देश्य से हरिद्वार जिले में पुलिस का सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी है। पुलिस टीम विभिन्न स्थानों पर चेकिंग कर वाहनों की जांच कर रही है, ताकि यात्रा मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वाहनों में काली फिल्म लगाने और नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के चालान किए जा रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दे रही है।